तापमान

अधिकतम 25 डिग्री

न्यूनतम 9 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 12 दिसंबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



4 दुर्गम व बस विहीन मार्गों पर आवागमन के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना की शुरुआत




## खबर संक्षेप

### त्वरित समाधान के लिए विशेष अभियान

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली की पहल पर जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए 25 दिसंबर तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य राजस्व संबंधित कार्यों में गति लाना तथा आमजन को समय पर राहत प्रदान करना है। अभियान के अंतर्गत राजस्व अधिकारियों द्वारा लंबित प्रकरणों का गंभीरता के आधार पर परीक्षण एवं निराकरण किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में आज तक नामांतरण के 349, बंटवारा के 56 तथा फार्मर रजिस्ट्री के 278 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया जा चुका है।

### डिजिटल ठगी पर लगाम जरूरीः पूनम



**मनेन्द्रगढ़।** देशभर में तेजी से बढ़ते डिजिटल लेन-देन के साथ साइबर ठगी के मामले भी चिंताजनक स्तर पर पहुंच गए हैं। बैंकिंग फ्रॉड, फर्जी कॉल, ओटीपी स्कैम और सोशल मीडिया हैकिंग जैसी घटनाएं आए दिन सामने आ रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि तकनीक जितनी तेजी से आगे बढ़ रही है उतनी ही सतर्कता आम नागरिकों में होना जरूरी है। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ की निदेशिका और युवा कांग्रेस नेत्री पूनम सिंह ने इस गंभीर विषय पर कहा कि हाल के दिनों में पुलिस और प्रशासन द्वारा साइबर जागरूकता अभियान तेज किए गए हैं। स्कूल-कॉलेजों, बाजारों और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बताया जा रहा है कि अनजान कॉल, लिंक या ऐप से कैसे दूरी बनाए रखें साथ ही किसी भी संदिग्ध लेन-देन की तुरंत शिकायत साइबर हेल्पलाइन पर करने की अपील की जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार डिजिटल साक्षरता बढ़ाने से ही साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। मजबूत पासवर्ड, दो-स्तरीय सुरक्षा और व्यक्तिगत जानकारी साझा ना करने जैसी सावधानियां अपनाकर आम लोग खुद को सुरक्षित रख सकते हैं।

### मानव अधिकार आयोग की भूमिका अहम



**मनेन्द्रगढ़।** विश्व मानव अधिकार दिवस के अवसर पर 10 दिसंबर को मानव गरिमा, समानता और स्वतंत्रता के मूल्यों की प्रासंगिकता एक बार फिर सामने आई है। राज्य में मानव अधिकारों के संरक्षण एवं निगरानी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहा छग मानव अधिकार आयोग पीड़ितों को न्याय दिलाने के साथ-साथ जन-जागरूकता फैलाने में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। छग मानव अधिकार आयोग की स्थापना 16 अप्रैल 2001 को की गई थी। आयोग मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करता है, सुधारात्मक सुझाव देता है तथा आवश्यकता पड़ने पर समाचार पत्रों, सोशल मीडिया एवं अन्य विश्वसनीय स्त्रोतों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर स्वतः संज्ञान लेकर मामले की जांच करता है। आयोग का उद्देश्य मानव अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ शासन-प्रशासन को संवेदनशील बनाना भी है। शिक्षाविद डॉ. विनोद पांडेय के अनुसार मानव अधिकारों की कानूनी अवधारणा का इतिहास लगभग 800 वर्ष पुराना है। डॉ. पांडेय बताते हैं कि भारत का 5000 वर्षों पुराना सांस्कृतिक इतिहास सहिष्णुता, अहिंसा, समानता, मानव सम्मान और मानव गरिमा जैसे मूल्यों पर आधारित रहा है।

### अंतर-क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला, टाईब्रेकर में बैकुंठपुर क्षेत्र ने जीता मैच

# मनुष्य को बहुआयामी बनाती है स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

एमसीबी जिले के नगर पालिक निगम चिरमिरी के अमर कुंज क्रीड़ांगन डोमनहिल में एसईसीएल द्वारा आयोजित अंतर-क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला कुसमुंडा क्षेत्र और बीते वर्ष की उपविजेता बैकुंठपुर क्षेत्र के बीच खेला गया। दोनों टीमों के शानदार खेल की वजह से मैच रोमांचक रहा।

टाईब्रेकर में बैकुंठपुर क्षेत्र ने 1-0 से बढ़त बनाते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। इस वर्ष आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया था। बैकुंठपुर टीम ने मध्यांतर पूर्व दो गोल दागे तथा मध्यांतर के बाद एक और गोल कर बढ़त बनाई। वहीं कुसमुंडा ने मध्यांतर के बाद शुरूआती 10 मिनट में दो गोल और एक पेनाल्टी शॉट के माध्यम से मुकाबला बराबरी पर ला दिया था, इसके कारण विजेता का निर्णय टाईब्रेकर से करना पड़ा। टूर्नामेंट की मेजबानी चिरमिरी क्षेत्र द्वारा की गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास रहे, जबकि अध्यक्षता महाप्रबंधक अशोक कुमार ने की। इस अवसर पर जीएम मानव संसाधन जी. श्यामल राव, संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य नाथूलाल पांडे, अजय विश्वकर्मा, गोपाल नारायण सिंह, बीएम मनोहर, एके पांडे, सुजीत कुमार सिंह, कल्याण मंडल, सदस्य महेन्द्र पाल सिंह, बजरंगी शाही, राजेश शर्मा, प्रीतम नाथ पाठक, अमृतलाल विश्वकर्मा, पी. चंद्रकांत तथा सुरक्षा समिति के सदस्य संजय सिंह, आनंद मिश्रा, बी. कर्मा राव, कमलेश शर्मा, इंद्रदेव चौहान, जीएस प्रसाद, सुभाष कश्यप, सीएमओ डॉ.एके विराजी और डॉ. सुमित कुमार मंचासीन रहे। समारोह की शुरूआत राष्टगीत एवं कॉरपोरेट गीत के बाद खिलाड़ियों के परिचय से हुई। डीएवी एवं केन्द्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनकी सराहना की गई। स्वागत उद्बोधन में महाप्रबंधक अशोक कुमार ने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य खेलभावना, अनुशासन और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देना है। मुख्य अतिथि बिरंची दास ने बैकुंठपुर टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल मनुष्य को बहुआयामी बनाता है और निरंतर प्रयास से ही ⏭ शेष पेज 4 पर



खिलाड़ियों के साथ अतिथि।





विजेता टीम।

# ओपन कास्ट चिरमिरी का एसपी ने किया निरीक्षण

**बैकुंठपुर।** एमसीबी पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह द्वारा एसईसीएल चिरमिरी ओपन कास्ट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी चिरमिरी विजय सिंह,उप क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार सिंह, खान प्रबंधक जोष कुमार, खान सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार पाण्डेय एवं आउट सोर्सिंग इंचार्ज राजेन्द्र एवं कृष्णा इन्फ्रास्टक्चर प्राईवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर अनिल कुमार श्रीवास्तव एवं प्रभारी शिवानंद पटेल उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक चिरमिरी ओपन कास्ट माईन के दोनो आउट सोर्सिंग पैच एवं डिपार्टमेन्टल पैच का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने खदान में उत्खनन के दौरान अपनाए जाने वाली सुरक्षा मापदंडो एवं सावधानियों का बारिकी से जानकारी लेकर आवश्यक सुरक्षा निर्देश दिया। खदान में प्रबंधन द्वारा उत्खनन कार्य में अपनाए जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर ओपन कास्ट माईनिंग के कार्यप्रणाली को भी विस्तृत रूप से जाना साथ ही ओपन कास्ट माईन क्षेत्र का भ्रमण भी किया। भ्रमण का उद्देश्य विगत कुछ महीनों से चिरमिरी एसईसीएल खान क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाओ के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करना एवं एसईसीएल प्रबंधन व पुलिस विभाग का समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया।



# धारदार हथियार से दो की निर्मम हत्या, महिला गंभीर

**अनूपपुर।** जिला अनूपपुर से सटे ग्राम पंचायत लखनपुर में बीती रात्रि सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया, जहां अज्ञात हमलावारों ने एक पुरूष और एक महिला की निर्मम हत्या कर दी।

इस तिहरे हमले में एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसकी हालत नाजूक बनी हुई है, जिसका उपचार जिला अस्पताल में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हमलवारों ने घर में मौजूद तीन लोगों पर जानलेवा हमला कर किया, हमलावरों हत्या के लिए धारदार हथियार का इस्तेमाल किया। इस हमले में एक पुरूष और एक महिला ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। तीसरी महिला सौभाग्य इस हमले से बच गई, लेकिन व गंभीर रूप से घायल हो गई और उसे उपचार के लिए तत्काल अस्पताल भेजा गया।



घटनास्थल पर पहुंची पुलिस।

### जांच की जा रही है

मामले पर प्राथमिकी दर्ज कर, आगे कि जांच किया जा रहा है, जैसे-जैसे साक्ष्य एकत्रित होते जाएंगे, उसके आधार पर कार्यवाई किया जाएगा।

**-सुमित केरकेट्टा,** पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अनूपपुर।

हत्या के पीछे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया, इससे यह घटना और भी रहस्यमय हो गई है। प्रथम दृष्टया यह हमला पूर्व नियोजित लग रहा है। दोहरे हत्याकांड की खबर मिलते ⏭ शेष पेज 4 पर

# संरक्षण इकाई की टीम ने जिला जेल का किया निरीक्षण

**बैकुण्ठपुर।** सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रकरण में पारित निर्णय के अनुक्रम में समस्त राज्यों सहित छग राज्य द्वारा जेलो में निरूद्ध बंदियों की उम्र के विषय में जांच के लिए निर्देशित किया गया है।

इस क्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में संचालित जेल के बंदियों के उम्र के संबंध में परीक्षण कराए जाने के लिए जांच दल द्वारा गुरूवार को जिला जेल बैकुंठपुर में जाकर समस्त बंदियों से पूछताछ की तथा उनके उम्र का सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान जेल में 18 वर्ष से कम आयु का कोई बच्चा नहीं पाया गया। बैकुंठपुर में 171 पुरूष एवं 10 महिला कुल 181 उपस्थित रहे। जांच दल में सामाजिक कार्यकर्ता किशोर न्याय बोर्ड श्रीमती कमलावती दास, लोक अभियोजक श्रीमती कागनी राजवाड़े, सामाजिक कार्यकर्ता अमित श्रीवास्तव, जिला बाल संरक्षण अधिकारी आशीष कुमार गुप्ता, विधिक ⏭ शेष पेज 4 पर



# नगर पालिका ने उखाड़ी सड़क ठेकेदार पर कार्रवाई की तैयारी



**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा में वार्ड क्रमांक 13 व 9 की सड़क निर्माण गुणवत्ता को लेकर सोशल मीडिया एवं एक पार्षद द्वारा की गई शिकायत ने प्रशासन को हरकत में ला दिया। निर्माण कार्य में अनियमितता के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल गुरूवार को स्वयं मौके पर पहुंचकर सड़क का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया।

निरीक्षण टीम में वार्ड के पार्षद एवं उपाध्यक्ष राजेश सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा, उप अभियंता आलोक चक्रधारी, पार्षद धर्मपाल, टाइम-कीपर सहित काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। टीम ने मौके पर ही सड़क की खुदाई कर थिकनेस और गुणवत्ता की तकनीकी जांच की। जांच में यह तथ्य सामने आया कि कई हिस्सों में मानक के अनुसार 4 से 6 इंच की ढलाई की जानी थी, परंतु ठेकेदार कल्याण दुबे द्वारा मात्र आधा से एक इंच की ही ढलाई की गई थी, इससे सड़क निर्माण कार्य की वास्तविकता और भी स्पष्ट हो गई। बताया गया कि वार्ड क्रमांक 13 और 9 में लाखों रूपए का टेंडर ठेकेदार कल्याण दुबे को दिया गया था, लेकिन वास्तविक कार्य में भारी गड़बड़ी पाई गई। जांच के दौरान जहां-जहां गुणवत्ता और थिकनेस में कमी मिली, वहां तत्काल सड़क उखाड़ने का आदेश जारी किया गया। नपाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि नगर पालिका गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करेगी और दोषी ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। वार्डवासियों ने नगरपालिका के इस त्वरित, पारदर्शी और कठोर कदम की सराहना की। लोगों ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में क्षेत्र में होने वाले सभी निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप और पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएंगे।

### वाटरशेड महोत्सव का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** कृषि विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जलग्रहण विकास घटक 2.0 के अंतर्गत जल संरक्षण एवं भूमि संरक्षण वाटरशेड विकास कार्यों में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए 8 दिसंबर को बैकुंठपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत उमझर में वाटरशेड महोत्सव आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूली छात्रों द्वारा जल संरक्षण पर आधारित रंगोली, पोस्टर पेंटिंग प्रस्तुत किए व पानी की पाठशाला विषय पर परिचर्चा किए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने श्रमदान करते हुए पौधरोपण किया एवं जागरूकता रैली भी निकाली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए तीन विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत उगझर के सरपंच संपत सिंह, ग्राम पंचायत गदबदी के सरपंच संतोष सिंह, ग्राम पंचायत स्तगा के सरपंच जगरनाथ सिंह, ग्राम पंचायत जूनापारा की सरपंच रीता खलखो आदि उपस्थित रहे।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्र कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्घोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण –** 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पु ुनीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण –** 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


### आवास, ग्रामीण विकास प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा

# पंचायत में विकास के लिए सरपंच सबसे जिम्मेदार जनप्रतिनिधिः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला पंचायत मंथन कक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति को लेकर गुरूवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अगुवाई में हुई इस समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति को लेकर ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव और तकनीकी सहायको से एक साथ योजना की प्रगति पर ग्राम पंचायत वार प्रगति का आंकलन किया गया। इस बैठक में जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी और उप संचालक पंचायत आशीष सिंह उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत वार प्रगति पर सुधार करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि ग्राम पंचायत में सरपंच सर्वाधिक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि हैं। शासन ने सभी जनप्रतिनिधियों में केवल आपको राशि आहरण का अधिकार दे रखा है। इसका मतलब है कि आपकी ग्राम विकास में सर्वाधिक जिम्मेदारी है। इसे गंभीरता से लें और प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रत्येक हितग्राही से संपर्क कर आवास बनाने में तेजी लाएं। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक में शामिल तकनीकी सहायको को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्य अनुसार प्रगति के लिए निरंतर ग्राम पंचायत में विजिट करें और प्रत्येक कार्य की गुणवत्ता के लिए निरंतर निगरानी करते रहें।

इस बैठक में पहले जनपद पंचायत बैकुंठपुर उसके बाद जनपद सोनहत के सभी ग्राम पंचायत में तकनीकी सहायको को आवंटित ग्राम पंचायत वार प्रगति पर समीक्षा की गई। इनमें कुल स्वीकृत आवास, हितग्राहियों को खातों में दी गई प्रथम किस्त, प्लिंथ लेबल पर जियो टैग, दूसरी किस्त के बाद जिओ टैग और पूर्णता तथा उन्हें प्रति स्तर पर मनरेगा के तहत दिए जाने वाले रोजगार दिवस पर चर्चा कर आवश्यक प्रगति के निर्देश दिए गए। ⏭ शेष पेज 4 पर





बैठक लेतीं कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी।

## खबर संक्षेप

### अमेरा खदान विवाद को कांग्रेस का राजनीतिक रंग : भारत



**अम्बिकापुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि लखनपुर अमेरा खुली खदान क्षेत्र की हालिया घटना को लेकर कांग्रेस से जुड़े कुछ स्थानीय नेताओं द्वारा लगातार राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से माहौल को राजनीतिक अखाड़े में बदलने का प्रयास किया जा रहा है। सरल एवं भोले-भाले ग्रामीणों को तथ्यात्मक और विधि-सम्मत जानकारी देने के बजाय उन्हें भ्रमित कर उकसाने की कोशिश की गई । उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र का 2008 से 2023 तक विधायक और मंत्री के रूप में प्रतिनिधित्व कर चुके कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टी. एस. सिंहदेव के कार्यकाल में यदि खदान को लेकर आपत्तियां थीं, तो उस समय खदान बंद कराने, कानूनों के विरुद्ध आवाज़ उठाने या पारित होने से रोकने जैसे कदम उठाए जाने चाहिए थे।उन्हीं के विधायक रहते हुए अमेरा, परसोढी कला एक्सटेंशन खदान का भूमि अधिग्रहण 2014 में हुआ और 2022 में कांग्रेस शासनकाल में कोल माइंस से जुड़े कुछ कानून पारित हुए उस समय विरोध नहीं किया गया। कांग्रेस का यह दावा कि अचानक कार्रवाई की गई का खंडन करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि अमेरा–परसोढ़ी कला प्रकरण पर कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह भ्रामक, राजनीतिक रूप से प्रेरित और भूमि अधिग्रहण संबंधी वास्तविक कानूनी प्रक्रिया से असंगत हैं क्योंकि बिना पूर्व सूचना, ग्रामसभा की कार्यवाही, सामाजिक प्रभाव आंकलन, आपत्तियों के निपटान और मुआवजा निर्धारण जैसी अनिवार्य प्रक्रियाओं को पूरा किए बिना कोई भी अधिग्रहण संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ओर से महिलाओं पर पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने का आरोप भी बिना किसी प्रमाण के है। श्री सिसोदिया ने कहा कि महिला उत्थान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है, वहीं कांग्रेस द्वारा अमेरा विवाद में महिलाओं को बरगलाया जा रहा है, उन्हें फूल माला से सम्मानित करने का ढोंग करके हिंसा की भावना बढ़ाने का काम किया जा रहा है, तो क्या कांग्रेस ग्रामीणों को माओवादी सोच के तरफ़ ले जाना चाहती है।

### आम आदमी पार्टी ने भी अमेरा खदान के प्रभावितों से की मुलाकात



**अंबिकापुर।** अमेरा खदान के विस्तार व भूमि अधिग्रहण को लेकर हुए खूनी संघर्ष पर अब राजनीति तेज हो गई है। कांग्रेस के बाद आप की कमेटी ने भी प्रभावित परसोडीकला गांव का दौरा किया। आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान प्रियंका शुक्ला ने आरोप लगाया कि भूमि अधिग्रहण के नाम पर सरकार की तरफ से पुलिस एवं प्रशासन द्वारा की गई बर्बर कार्रवाई लोकतंत्र के मूल्यों पर सीधा हमला है। आम आदमी पार्टी इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करती है और पीड़ित ग्रामीणों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि खेतों में काम कर रहीं महिलाओं के साथ अभद्रता कर उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। आंदोलन में शामिल न होने वाले ग्रामीण जो खेती-बाड़ी और पशुपालन में लगे थे उन्हें भी बेरहमी दौड़ा दौड़ा कर पीटा गया। गांव के देवस्थान को क्षतिग्रस्त किया गया। घटना के बाद प्रशासन ने 7 महिलाओं सहित 10 ग्रामीणों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जो लोकतंत्र पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी पीड़ित ग्रामीणों के साथ मजबूती से खड़ी है और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान अलेक्जेंडर केरकेट्टा, राजेंद्र बहादुर सिंह, मनोज दुबे, नरेंद्र नाग, लव कुमार दुबे, रामेश्वर विश्वकर्मा, अजय सिंह, राजेश व अन्य मौजूद थे।

### ग्राम पंचायत कर्रा में पीएम श्री स्कूल का लोकार्पण



**धौरपुर।** विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत कर्रा में मंगलवार को पीसीसी सदस्य सोमेश्वर प्रताप सिंह, आदित्य सिंहदेव, जिपं सदस्य शकुंती बाई, सरपंच सुनीता सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के आतिथ्य में पीएम श्री स्कूल का लोकार्पण किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### छड़ दिलाने के...

दौरान ठगों ने सत्येंद्र सिंह से फोनपे के माध्यम से 40 हजार रुपए अपने खाते में मंगवा लिए। बाद में जब सरिया के पैसे मांगने की बात आई, तब पूरे प्रकरण का खुलासा हुआ। ठगी में उपयोग किया गया मोबाइल नंबर घटना के बाद से बंद मिला।

### 24वीं स्टेट सीनियर...

के लिए स्टेडियम में वॉलिंटियर और मेडिकल की टीम भी उपस्थिति रहेगी। प्रतियोगिता संपन्न कराने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट बैडमिंटन एसोसिएशन के मुख्य रेफरी प्रताप भट्टाचार्य के साथ सात अंपायर की टीम भी जशपुर पहुंच चुकी है।

---

13.50 लाख की लागत से प्रधानमंत्री आदर्श योजना मद से बनाई गई थी सड़क

# ग्राम पंचायत टेलसारा में बनी सीसी सड़क एक साल में हो गई जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर



**खास बात**
- सड़क से उखड़ रहे गिट्टी, राहगीरों का आवागमन हुआ मुश्किल

ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो इसे ध्यान में रखकर ग्राम पंचायत टेलसारा में सीसी सड़क का निर्माण किया गया । हैरानी की बात तो यह है कि 13.50 लाख की लागत से बनी सीसी सड़क 12 महीने भी टीक नहीं सकी। ऐसे में मरम्मत व देख रेख के अभाव में सड़क जर्जर हो गई है। आलम यह है कि सड़क के गिट्टी उखड़ने से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है साथ ही हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी संबंधित विभाग को नहीं है बावजूद इसके सड़क का मरम्मत कराने के लिए आज तक किसी प्रकार की पहल नहीं हो सकी जिससे क्षेत्र के ग्रामीण जर्जर सड़क से आवागमन करने को मजबूर है।

विकासखंड रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत तेलसारा के इमलीपारा में प्रधानमंत्री आदर्श योजना मद के तहत 13.50 लाख रुपये की लागत से एक साल पूर्व सीसी सड़क निर्माण किया गया। सीसी सड़क के बनने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हुई लेकिन सड़क निर्माण हुए साल भर भी नहीं हुआ कि सड़क पूरी तरह से उखड़ने लगी है। सड़क से गिट्टी उखड़ने कर बिखर गई है और जगह-जगह गिट्टियां बाहर निकल गई है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया एवं मानक प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। निर्माण के दौरान न तो वाइब्रेटर मशीन चलाया गया और न ही निर्धारित अनुसार पानी की तराई कराई गई, जिसके कारण सड़क समय से पहले ही जर्जर हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा मनमाने तरीके से, स्वीकृत स्टीमेन्ट के विपरीत सड़क निर्माण कराया गया, जिससे यह सड़क महज कुछ ही महीनों में खराब हो गई।

**ग्रामीणों की कार्रवाई की मांग**

सीसी सड़क के कुछ महीने के भीतर ही जर्जर हो जाने से क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क जिस उद्देश्य से बनाई गई थी वह उद्देश्य सार्थक नहीं हो सका। निर्माण एजेंसी की लापरवाही और मानकों की अनदेखी के कारण यह सड़क लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जांच कराने तथा दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही सड़क को पुनः गुणवत्तापूर्ण तरीके से बनवाने की गुहार लगाई है।

**हो सकती है बड़ी दुर्घटना**

ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत तेलसारा के इमलीपारा तक बनी सड़क के जर्जर हो जाने तथा सड़क पर गिट्टे बिखरे होने के कारण हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कई बार तो रात के समय कई दो पहिया वाहन सवार दुर्घटना ग्रस्त होने से घायल हो चुके है। हालांकि दिन के समय वाहन सवार किसी तरह गिट्टी से बच कर निकल जाते है परंतु रात के समय मार्ग काफी खतरनाक हो जाता है। ऐसे में बाइक-स्कूटी सहित दो पहिया वाहन चालक का थोड़ा बहुत भी ध्यान भटका तो दुर्घटना होना तय है। इस मार्ग में अब तक जीतने भी सड़क दुर्घटना हुई है जिसमें अधिकांश रात को ही हुआ है।

**सड़क का किया जाएगा निरीक्षण**

ग्राम पंचायत तेलसारा के इमलीपारा तक बनी सड़क जर्जर हो गई है तो सड़क की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया जाएगा। जांच उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी
-संजय राय, जनपद सीईओ

*बिश्रामपुर। खेलने के दौरान पांच वर्षीय मासूम की कुंए में गिर जाने से मौत हो गई है। ग्राम बरौल निवासी समयलाल का पांच वर्षीय पुत्र अखिलेश कुमार प्रजापति बुधवार की शाम करीब साढ़े 4 बजे अपने बाड़ी में खेलते समय बिना बाउंड्री के कुएं में अचानक गिर गया,जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई है,सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।



## पहली बारिश भी नहीं झेल पाई करोड़ों की लागत से बनी पुलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- रिटेनिंग वाल क्षतिग्रस्त, सरक गई रेलिंग

देवगढ़ नाला पर नवनिर्मित पुलिया पहली बारिश भी नहीं झेल पाई। पुलिया की रिटेनिंग वाल क्षतिग्रस्त हो गई है। अब पुलिया की रेलिंग भी नीचे सरक गई है। ग्रामीणों ने ठेकेदार व अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत देवगढ़ के मोरड़ापारा में महादेव नाला में बारिश से पूर्व नई पुलिया का निर्माण कराया गया था। लोक निर्माण विभाग की सेतु शाखा की देखरेख में करोड़ों की लागत से निर्मित इस पुलिया में निर्माण के कुछ महीनों बाद ही तकनीकी लापरवाही उभर कर सामने आने लगी है। बारिश के मौसम से पूर्व निर्मित इस पुलिया के साथ इसे मजबूती प्रदान करने पुलिया के दोनों तरफ रिटेनिंग वाल बनाई गई थी जिसमें एक तरफ का हिस्सा बारिश की चपेट में आकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। रिटेनिंग वाल के साथ सुरक्षा की दृष्टिकोण से लगाया गया रेलिंग भी अपनी जगह छोड़कर नीचे की ओर जा सरक गया है जिसकी वजह से लोगों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिये हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश से पूर्व पुलिया निर्माण के कारण अधिकारियों ने काम जल्दबाजी में निपटाया। जल्दबाजी की वजह से रिटेनिंग वाल के काम में लापरवाही बरती गई। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया का वो हिस्सा जहां रिटेनिंग वाल वाल क्षतिग्रस्त हुई है काफी संवेदनशील है, मिट्टी का भुरभुरी है जिसकी वजह से वहां मिट्टी कटाव होती रहती है। पुलिया के काम जल्दी निपटाने के चक्कर में उन्होंने इस पर ध्यान नही दिया और रिटेनिंग वॉल तैयार कर दी जो बारिश का पहला झटका नही झेल पाई और क्षतिग्रस्त हो गई। बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त रिटेनिंग वॉल ने रेलिंग को भी अपनी चपेट में ले लिया और उसे भी क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि महादेव नाले के आसपास की मिट्टी इस कदर संवेदनशील है कि निर्माण के दौरान गुणवत्ता में थोड़ी भी लापरवाही बरती गई होगी तो यह पुलिया के भविष्य के लिए खतरनाक साबित होगा फिलहाल क्षतिग्रस्त रिटेनिंग वॉल की मरम्मत का कार्य शुरु करा दिया गया है।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग सेतु शाखा के उपअभियंता विकास सरावगी ने बताया कि बारिश की वजह से वो हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। बारिश के दिनों में पानी का रिसाव इसकी सबसे बड़ी वजह है। पखवाड़े भर में इसकी मरम्मत पूरी करा दी जाएगी।

## बिश्रामपुर नगर पंचायत के मतदान केंद्रों में एसआईआर फार्म की वापसी जमा संख्या 50 प्रतिशत से भी कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



नगर पंचायत बिश्रामपुर के कई पोलिंग बूथों में एसआईआर के फार्म अत्यधिक कम जमा होने से जिला प्रशासन चिंतित भी है और गड़बड़ी की आशंका भी बनी हुई है,आज बुधवार को इस संबंध में सूरजपुर कलेक्टर और उनकी

- सूरजपुर कलेक्टर, राजस्व टीम के साथ मतदान केंद्रों का जायजा लेने पहुंचे, कमियों और त्रुटियों की जानकारी ली
- एसईसीएल जीएम को भी तलब कर निरीक्षण में किया शामिल, शत प्रतिशत रिजल्ट के लिए सहयोग करने किया निर्देशित

राजस्व टीम ने बिश्रामपुर के विभिन्न मतदान केंद्रों में पहुंच कर बीएलओ से एसआईआर की प्रगति की रिपोर्ट ली,इस दौरान कलेक्टर एस जयवर्धन संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा,एसडीएम शिवानी जायसवाल ने एसईसीएल कम्पनी के क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह को भी तलब कर एसआईआर फार्म को शत प्रतिशत जमा कराने में मॉनिटरिंग करने को कहा गया है।

बता दें कि नगर पंचायत का अधिकतर क्षेत्र एसईसीएल कॉलोनी सहित कंपनी का लीज होल्ड एरिया अंतर्गत आता है,सन 2003 में नगर पंचायत बिश्रामपुर के गठन के बाद इन दो दशक में कई अधिकारी कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए हैं और वे अब मूल निवास स्थल को चले गए हैं अथवा दूसरे क्षेत्रों में घर बना कर रह निवासरत हैं, इसके अतिरिक्त निकाय क्षेत्र के कई मतदाताओं की मौत हो गई है लेकिन उनका अब तक मतदाता सूची से नाम नहीं काटा जा सका है,वर्तमान में एसईसीएल कॉलोनी में बड़ी संख्या में बाहरी लोग निवासरत है जिनका अलग अलग गांव में मतदाता सूची में नाम पहले से ही दर्ज है,अब वे इस प्रक्रिया में शामिल नहीं होना चाहते,परिणामस्वरूप 9 हजार से अधिक मतदाताओं वाली नगर पंचायत के कई पोलिंग बूथों में 50 प्रतिशत से भी कम फार्म जमा हुए है।

## कोल परिवहन को लेकर ग्रामीणों, ट्राला मालिक साइडिंग, संचालनकर्ता के बीच बैठक



**बिश्रामपुर।** करंजी रेलवे साइडिंग से उड़ रहे कोल डस्ट से परेशान ग्रामीणों द्वारा पिछले दस दिनों से कोल परिवहन कार्य को बंद कराया हूआ है,बुधवार को मंत्री प्रतिनिधि की उपस्थिति में संचालनकर्ता व ग्रामीणों के बीच मामले की बैठक रखी गई,जिसमें सड़क पर फंसी हुई गाड़ियों में लोड कोयला को रेलवे साइडिंग में सीमित समय में डम्प करने की आम सहमति बनी है,सहमति बनने से ट्राला मालिकों ने कुछ राहत की सांस ली है,गौरतलब है कि करंजी रेलवे कोल साइडिंग में ग्राम करंजी,झूमरपारा व आसपास गांव के लोगों ने सड़क निर्माण व अन्य मांगों को लेकर पिछले दिनों 1 दिसंबर से कोल परिवहन कार्य को ठप्प कर दिया है,जिस वजह से यहां पर करीब 100 से अधिक कोयला लोड ट्राला सड़क पर लम्बी लाइन में फंसे हुए हैं,मामले में बुधवार को मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े की उपस्थिति में साइडिंग संचालनकर्त्ता एवं ग्रामीणों के बीच बैठक हुई,बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जो कोयला लोड ट्राला वाहन सड़क की लाइन में जाम पर फंसे हुए हैं,उनके गाड़ी में लोड रखे कोयला को 24 घंटे की समय सीमा में रेलवे साइडिंग में खाली करा दिया जाएगा,साथ ही किसी भी ट्राला वाहन में कोल डस्ट का परिवहन कार्य नहीं किया जाएगा,साथ ही फंसे हुए कोयला लोड वाहनों के साइडिंग में खाली होने उपरांत 24 घंटे का समय बीत जाने पश्चात कोल परिवहन कार्य को पुनः बंद कर दिया जाएगा,बैठक में मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े के अलावा पूर्व जिला पंचायत सदस्य सत्यनारायण जायसवाल,रामानंद जायसवाल, सूरजपुर तहसीलदार सूर्यकांत साय, एसडीओपी अभिषेक पैकरा, बिश्रामपुर टीआई प्रकाश राठौर,बसंत, मो.जावेद, शिवकुमार, पारस राम, संतोष कुमार, रामसूरत, आनंद, गणेश, गोपाल व अन्य उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा भी करंजी साइडिंग में नियमों की अवहेलना पाए जाने पर साइडिंग को बंद करने के विषय में नोटिस भेजकर 15 दिवस के भीतर संचालक से जवाब माँगा गया है,ऐसी स्थिति में जब तक पर्यावरण बोर्ड से क्लियरेन्स नहीं मिल जाता है, तब तक करंजी साइडिंग पर कोल परिवहन कार्य बंद रहने की उम्मीद है।

### सतपता स्थित एनएच में लकड़ी तस्करों ने ग्रामीणों से की मारपीट

**बिश्रामपुर।** ग्राम सतपता में गत दिनों एनएच 43 पर सड़क किनारे दुकान के सामने खड़े ग्रामीणों से दूसरे राज्य से आकर लकड़ी तस्करी में शामिल लोगों द्वारा दबंगई कर मारपीट करने का वीडियो सामने आया है,पीड़ित ग्रामीणों के मुताबिक गत दिनों 7 दिसंबर की रात करीब 11 बजे जब वे घर जा रहे थे,तभी लकड़ी लोड ट्रैक्टर गांव की तरफ से जा रहा था,इसी दौरान उनसे पूछताछ करने पर कहासुनी हुई और ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर वहां से चला गया,इसके कुछ ही समय पश्चात दूसरे राज्य के लकड़ी तस्करी में शामिल लोग संगठित होकर रात करीब 1 बजे पंचायत भवन सतपता में पहुंचकर ग्रामीण राजू यादव के साथ मारपीट करने लगे,लगभग 4-5 की संख्या में पहुंचे लकड़ी तस्करों ने युवक से मारपीट कर उसको घायल कर दिया,पूरा घटनाक्रम सामने स्थित एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है,वीडियो में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है कि कुछ लोग दो युवकों से जमकर मारपीट कर रहे हैं,घटना के बाद पीड़ित व आहत राजू यादव ने मामले की शिकायत बिश्रामपुर थाना में की है।

## बिश्रामपुर में निजामुद्दीन अंबिकापुर एक्सप्रेस के ठहराव होने की उठी मांग, सौंपा ज्ञापन



**बिश्रामपुर।** सरगुजा संभाग के सबसे पुराने रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर में अंबिकापुर–निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 22407/22408 के ठहराव को लेकर स्थानीय स्तर पर आम नागरिक सक्रिय हो गए हैं,बुधवार को रेल संघर्ष समिति बिश्रामपुर ने मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के नाम पर स्थानीय स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही ठहराव स्वीकृति की मांग की है।

बिश्रामपुर रेल संघर्ष समिति के सदस्य अधिवक्ता प्रदीप गर्ग ने बताया कि बिश्रामपुर स्टेशन न केवल ऐतिहासिक महत्व रखता है,बल्कि यह सरगुजा संभाग का एकमात्र गुड्स शेड भी है, जहां प्रतिदिन भारी मात्रा में आवश्यक सामग्रियों की रैक का आवागमन होता है,यह स्टेशन कभी पूरे संभाग का अंतिम स्टेशन हुआ करता था,जिसके वर्षों बाद अंबिकापुर तक रेल लाइन का विस्तार हुआ,बावजूद इसके बिश्रामपुर स्टेशन को आज भी उचित महत्व नहीं मिल पा रहा है,ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में संचालित कोयला खदानों में कार्यरत देश के विभिन्न राज्यों से आए हजारों कर्मचारी बिश्रामपुर व आसपास में निवासरत हैं, दिल्ली सहित उत्तर भारत,मध्य भारत व अन्य राज्यों के लिए नियमित रेल सेवा की आवश्यकता सबसे अधिक इन्हीं व्यक्तियों को पड़ती है,अंबिकापुर–निजामुद्दीन एक्सप्रेस सरगुजा को राजधानी दिल्ली से जोड़ने वाली इकलौती सुविधा है,ऐसे में इसका बिश्रामपुर में ठहराव न होना स्थानीय जनता के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है, ज्ञापन में यह भी उल्लेखित है कि वर्षों से मांग उठाए जाने के बावजूद रेलवे विभाग की उदासीनता के चलते अब तक ठहराव स्वीकृत नहीं मिल पाई है,इससे स्थानीय नागरिकों, कर्मचारियों, व्यापारियों और उद्योग जगत में गहरी नाराजगी है,समिति ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ठहराव स्वीकृत नहीं हुआ,तो बिश्रामपुर में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा,समिति के सदस्यों का कहना है कि निजामुद्दीन-अंबिकापुर ट्रेन के ठहरने से यात्रियों को सुविधा तो मिलेगी ही, साथ ही व्यापारिक-औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि होगी और रेलवे को भी अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा, ज्ञापन देने वालों में सुभाष गोयल, प्रदीप कुमार गर्ग, रमेश दनौदिया, अशोक अग्रवाल शोक्की, कृष्ण गोयल बल्लू, चिंटू खेड़ा,चंदन सिंह,प्रेम धाभाई, अंशुल गोयल, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पेशी से लौटकर आए युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अंबिकापुर।** पेशी से लौटकर आए एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का अबतब पता नहीं चल पाया है। सत्तीपारा निवासी 24 वर्षीय आकाश सिंह आ. प्रताप सिंह 8 दिसंबर को अपने भाई के साथ पेशी में गया हुआ था। खत्म होने के बाद शमा को 5 बजे आकाश सिंह अकेले ही घर पहुंच गया और अपने कमरे में चला गया। इसी दौरान उसने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। देर शाम को जब युवक का भाई घर आया और गर्म कपड़े लेने के लिए कमरे में पहुंचा तो उसके भाई का शव फांसी पर झूल रहा था। इस घटना के बाद परिजन ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मंगलवार को पुलिस ने मामले में मर्ग कायम का शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच चल रही है।

## जिला कांग्रेस की सूरजपुर में पहली औपचारिक बैठक



**सूरजपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शशि सिंह की अध्यक्षता में वोट चोर गद्दी छोड़ की दिल्ली महारैली में जिले से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता दिल्ली कूच करेंगे। 14 दिसम्बर को राष्ट्रव्यापी आह्वान में दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन हैं, जिसमें पीसीसी के निर्देश पर जिले के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, पूर्व जनप्रतिनिधि, पार्टी संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता दिल्ली जाएंगे।

कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के उपरांत नए जिलाध्यक्ष के रूप में शशि सिंह का बैठक में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया और दिल्ली महारैली तथा एसआईआर को लेकर विस्तृत चर्चाएं कर कार्ययोजना तय की गई। साथ ही आगामी कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर रूपरेखा बनाई गई। स्थानीय सर्किट हाऊस में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष शशि सिंह सहित कांग्रेस नेता इस्माईल खान, संजय डोसी, मेहंदी यादव, अनिल गुप्ता, विमलेशदत्त तिवारी, आनंद कुंवर, विमला सिंह, हेमलता राजवाड़े ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक का संचालन सुनील अग्रवाल व आभार प्रदर्शन परमेश्वर राजवाड़े ने किया। इस दौरान धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों को आ रही दिक्कतों और शिकायतों के मद्देनजर जल्द ही कांग्रेस द्वारा जिले के सभी 54 धान उपार्जन केन्द्रों में निगरानी समिति का गठन कर हल्ला बोल कार्यक्रम तय किया गया। बैठक में प्रवेश गोयल, अभिषेक श्रीवास्तव, पुनीत गुप्ता, संजीव श्रीवास्तव, आनंद चौधरी, पारसनाथ राजवाड़े, वेद प्रकाश मिश्रा, आलोक साहू, अखिलेश जायसवाल, सुरेश केराम, तुलसी सिंह, कमला यादव, सिंगारो बाई, राधेकृष्ण प्रजापति, दुर्गा टेकाम, मदनेश्वर साहू, तपन सिकदार, बिहारी कुलदीप, विक्की समद्दार, पवन साहू, गिरधारी साहू, शांतू डोसी, सुनील प्रजापति, कृष्ण बिहारी साहू, सुनील सारथी, बाबूलाल राजवाड़े, हुलास राजवाड़े, दीपन मानिकपुरी, परमेश्वर सिंह, विजय साहू, सोपाड़ी लाल राजवाड़े, चन्द्रभान सिंह, राजू गुप्ता, शांतनु सिंह, गोपाल यादव, आशीष सिंह, राजकुमार देवांगन, खेलन सिंह, बालेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र राजवाड़े, विनय पावले, अदनान सिद्दीकी, कौनेन अंसारी, मोहिबुल हसन, अजय सोनवानी, संदीप शर्मा, रामलखन सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाते हुए कांग्रेसियों ने केक काटा। वहीं कांग्रेस नेता इस्माईल खान के बड़े भाई इसराईल खान के निधन पर शोक संवेदना प्रगट की।

## आरक्षक की मजबूत सूचना नेटवर्किंग से पकड़े गए 7 स्थायी वारंटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

रामानुजनगर थाना में पदस्थ आरक्षक अमलेश्वर कुमार की सूझबूझ और मजबूत इंफॉर्मेशन नेटवर्किंग के चलते वर्षों से फरार चल रहे 7 स्थायी वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने आरक्षक अमलेश्वर कुमार को 500 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

अपराध नियंत्रण और वारंट तामीली को लेकर एसएसपी ने हाल ही में थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए थे कि स्थायी वारंटों की तामीली में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि तामीली में कोताही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी, जबकि उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही थाना-चौकी प्रभारी स्वयं तामीली में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा पुलिस टीम को ब्रीफ कर सावधानीपूर्वक वारंट तामील कराएं। एसएसपी के निर्देश परआरक्षक अमलेश्वर कुमार ने अपनी सूचना नेटवर्किंग का उपयोग करते हुए थाना प्रभारी को महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई।



# 12 दिसंबर को रिलीज होगी अखंडा-2

**मुंबई।** 'अखंडा 2: थांडवम' मूल रूप से एक तेलुगू फैंटेसी एक्शन ड्रामा फिल्म है। इसे बोयापति श्रीनु ने डायरेक्ट किया है। यह 2021 में आई 'अखंडा' का सीक्वल है, जिसमें नंदमुरी बालकृष्ण, और हर्षाली मल्होत्रा के साथ संयुक्ता मेनन, आदी पिनिसेट्टी और कबीर दुहन सिंह प्रमुख भूमिकाओं में हैं। नंदमुरी बालकृष्ण की यह फिल्म, जो पहले 5 दिसंबर को रिलीज से कुछ घंटे पहले पोस्टपोन हो गई थी, अब 12 दिसंबर को रिलीज होगी! पिछले गुरुवार को, मेकर्स ने पोस्टपोन होने की खबर देते हुए फैंस से माफी मांगी थी। भले ही मेकर्स ने पोस्टपोन होने का कारण नहीं बताया, लेकिन समझा जा रहा है कि यह कोर्ट केस के कारण हुआ।

लाइफ Style

# कृतिका

## मशहूर क्रिकेट होस्ट को कर रहीं डेट

वो कहते हैं न कि धुआं वहीं से उठता है, जहां कोई चिंगारी लगी होती है। पिछले कुछ वक्त से अभिनेत्री कृतिका कामरा और टेलीविजन प्रजेंटेटर गौरव कपूर के रिलेशनशिप को लेकर चर्चाएं चल रही थीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब अंततः कृतिका ने इन चर्चाओं पर मोहर लगा दी और गौरव कपूर के साथ अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियल कर दिया। कृतिका ने एक पोस्ट के जरिए अपने रिश्ते को कंफर्म किया है। बुधवार को कृतिका ने अपने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों में कृतिका और गौरव दोनों नजर आ रहे हैं। तस्वीरों में दोनों साथ में ब्रेकफास्ट करते और कॉफी पीते भी नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कृतिका ने कैप्शन में सिर्फ 'ब्रेकफास्ट विद' लिखा है। जाहिर है कि गौरव कपूर का यूट्यूब पर एक शो भी है 'ब्रेकफास्ट विद गौरव कपूर', जिसमें वो क्रिकेट सेलेब्स के साथ बातचीत करते हैं। इन तस्वीरों में कृतिका और गौरव की सेल्फी भी है। साथ ही एक वीडियो भी है, जिसमें दोनों के कॉफी मग पर बेबी लिखा हुआ है। कृतिका और गौरव के रिश्ते को लेकर सोशल मीडिया पर महीनों से अफवाहें चल रही हैं। खासकर मुंबई में दोनों को साथ देखे जाने के बाद, इनके अफेयर की चर्चाएं बी-टाउन के गलियारों में जोरों पर थीं। लेकिन कपल अपने रिश्ते को छिपाए हुए था। कई बार कपल को बांद्रा के मशहूर रेस्टोरेंट में खाना खाते और अपने दोस्तों के साथ समय बिताते देखा गया था।



हॉलीवुड मसाला



# देवनागरी लोगो में दिखाया गया नाम

**मुंबई।** काशी के घाटों पर 9 दिसंबर की शाम हॉलीवुड फिल्म 'अवतार: फायर एंड ऐश का देवनागरी टाइटल भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पेश किया गया। यह पहली बार था जब किसी विदेशी फिल्म का नाम इस तरह देवनागरी लिपि में सार्वजनिक किया गया। अवतार: फायर एंड ऐश 19 दिसंबर को भारत में रिलीज होगी। यह फिल्म हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में सिनेमाघरों में दिखाई जाएगी। फिल्म की एडवांस बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। शाम होते ही घाट पर मंच तैयार था।



# कार्तिक ने जॉनी डेप से की मुलाकात...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन ने मंगलवार को हॉलीवुड एक्टर जॉनी डेप के साथ एक तस्वीर शेयर कर फैन्स को चौंका दिया। आर्यन, सऊदी अरब के 'रेड सी अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल' के पांचवें एडिशन में शामिल हुए, जहां उनकी मुलाकात जॉनी डेप से हुई। कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' को लेकर काफी सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस बीच उन्होंने हॉलीवुड के सुपरस्टार जॉनी डेप से मुलाकात की। कार्तिक आर्यन ने इस मुलाकात की एक झलक शेयर करते हुए 'भूल भुलैया' के अपने किरदार रूहान 'रूह बाबा' और 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन' में डेप के फेमस किरदार जैक स्पैरो का जिक्र किया है।



# करीना को था अक्षय खन्ना के ऊपर क्रश

**मुंबई।** अक्षय खन्ना नई फिल्म धुरंधर की वजह से सुर्खियों में हैं। फिल्म में उनका खतरनाक डकैत रहमान का किरदार और वायरल एंट्री डांस लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। इसी बीच करीना कपूर का एक पुराना वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे खुलकर अक्षय खन्ना को अपना क्रश कहती नजर आ रही हैं। साल 2004 में फिल्म हलचल के प्रमोशन के दौरान करीना ने कहा था, 'मैंने अक्षय की फिल्म 'हिमालयपुत्र' कम से कम 20 बार देखी है। उस समय मैं स्कूल में थी और अक्षय खन्ना सभी लड़कियों के क्रश थे। मैं भी उनके पीछे पूरी तरह पागल थी।' करीना ने आगे कहा, अक्षय बहुत प्यारे, मनमोहक और बेहतरीन इंसान हैं। वे शानदार अभिनेता हैं। हॉलीवुड जाने के लिए सबसे परफेक्ट इंसान वही हैं। वह बहुत क्यूट हैं। फिल्म हलचल का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है।



# 14 को गुवाहाटी में होगा दीवाना तेरा टूर

**मुंबई।** अभी मुझमें कहीं, संदेशे आते हैं, तुमसे मिलके दिल का, बोले चूड़ियां जैसे कई गाने सोनू निगम ने गाए हैं। सोनू को भारत के सबसे कामयाब और बहुमुखी गायकों में से एक माना जाता है। उनकी मधुर आवाज के लोग दीवाने हैं। सोनू जल्द ही अपना 'दीवाना तेरा' टूर शुरू करेंगे। इस टूर के दौरान सोनू कई शहरों में जाकर परफॉर्म करेंगे। सोनू निगम ने अपने इंस्टाग्राम पर इसकी घोषणा की और लिखा, '14 दिसंबर, एक ऐसी रात जो गुवाहाटी कभी नहीं भूलेगी। सोनू निगम- दीवाना तेरा, लाइव।' यह कॉन्सर्ट 9 दिसंबर को गुवाहाटी में हुए पोस्ट मेलोन के शो के ठीक बाद हो रहा है। सोनू निगम ने बताया कि गुवाहाटी से टूर शुरू करना उनके लिए बहुत खास और निजी फैसला है, क्योंकि यह शहर उनके बहुत करीबी दोस्त स्वर्गीय जुबीन गर्ग की यादों से जुड़ा है।

टीवी मसाला




# द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 4 का धमाकेदार प्रोमो रिलीज

**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का चौथा सीजन जल्द दस्तक देने वाला है। इसका प्रोमो रिलीज करके मेकर्स ने स्ट्रीमिंग डेट का भी ऐलान कर दिया है। इस बार कपिल भी एकदम चार नए अवतार में नजर आएंगे। उनके अलावा कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा और सुनील ग्रोवर भी दर्शकों को खूब हंसाएंगे। कपिल शर्मा एक बार फिर दर्शकों को हंसाने के लिए आ रहे हैं। उनका नेटफ्लिक्स पर आने वाला शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का चौथा सीजन जल्द ही स्ट्रीम होने वाला है। 10 दिसंबर को शो का मजेदार प्रोमो रिलीज कर दिया गया है। साथ ही मेकर्स ने रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है। इस बार कपिल शर्मा कॉमेडी को चार गुना बढ़ाने वाले हैं, क्योंकि वो एक नहीं, चार-चार नए अवतार में नजर आएंगे। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के प्रोमो की शुरुआत कपिल शर्मा से होती है, जिसमें उनके चार नए अवतारों से रूबरू करवाया जाता है। उन्होंने पपाराजी पर जोक मारा। स्टैंडअप कॉमेडियन की भी खिल्ली उड़ाई। इसके बाद कृष्णा अभिषेक और कीकू शारदा की कॉमेडी आपको गुदगुदा देगी। सुनील ग्रोवर भी अपने उसी पुराने अंदाज में दिखाई देंग। जज की बात करें तो अर्चना पूरन सिंह के साथ नवजोत सिंह सिद्धू भी होंगे। कपिल शर्मा ने भी इंस्टाग्राम पर प्रोमो पोस्ट करते हुए लिखा, 'इंडिया में मस्तीवर्स में आपका स्वागत है। द ग्रेट इंडियन कपिल शो का नया सीजन देखें। 20 दिसंबर से रात 8 बजे। सिर्फ नेटफ्लिक्स पर।'


## बिग बॉस खत्म होते ही बदला रंग

**नई दिल्ली।** बिग बॉस के असली रिश्तों का खेल शो से बाहर आने के बाद पता लगता है, क्योंकि बाहर आने के बाद अक्सर तीन महीने में साथ में बिताने वाले यही कंटेस्टेंट एक-दूसरे को पहचानने से भी इनकार कर देते हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण बसीर अली और नेहल चुडास्मा हैं, जिन्होंने बिग बॉस में तो लव का खेल खेला, लेकिन बाहर आते ही उन्होंने एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया। अब गिरगिट की तरफ रंग बदलने वालों में तान्या मित्तल का नाम भी शामिल हो गया है, क्योंकि रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने बिग बॉस के घर में जिन्हें अपना कहा, बाहर आते ही सबसे पहले उनसे नाता तोड़ा। बिग बॉस 19 के ग्रैंड फिनाले में तान्या ने ये साफ-साफ कहा था कि वह नीलम गिरी से बाहर मिलेंगी और दोस्ती रखना चाहेंगी, लेकिन अन्य कंटेस्टेंट को वह ब्लॉक लिस्ट में डाल देंगी। हालांकि, तान्या मित्तल ने अपनी बात से बिल्कुल अपोजिट किया है, क्योंकि रिपोर्ट्स की मानें तो उन्होंने घर से निकलते ही सबसे पहले अपने सबसे करीबी दोस्त नीलम को ही इंस्टाग्राम से अनफॉलो कर दिया है।



# शाहरुख ने दुबई में मचाई धूम 'झूमे जो पठान' पर किया डांस

**मुंबई।** शाहरुख खान इन दिनों अपनी फिल्म 'किंग' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। बहरहाल, इन दिनों शाहरुख दुबई में हैं। दुबई के एक्सपो सिटी सेंटर में शाहरुख खान की शानदार एंट्री हुई। 6,000 से ज्यादा लोग उनके स्वागत में जमा हो गए और पूरा हॉल कॉन्सर्ट जैसा लगने लगा। शाहरुख की विनम्रता ने दुबई में सभी का दिल जीत लिया। दुबई के इस इवेंट के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें शाहरुख अपनी फिल्मों के मशहूर डायलॉग बोलते नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपना प्रसिद्ध डायलॉग 'क क क किरन' बोला। एक दूसरे वीडियो में उनकी किंग स्टाइल एंट्री दिखी। तीसरे वीडियो में शाहरुख 'झूमे जो पठान' गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं, जिसमें उनके साथ पूरा हॉल झूमता नजर आ रहा है। शाहरुख ने वहां मौजूद फैंस से दिल खोलकर बात की। उन्होंने कहा, 'यहां तो ऐसा लग रहा है जैसे कोई कॉन्सर्ट चल रहा हो।' शाहरुख ने अपने फैंस का दिल से शुक्रिया अदा किया और कहा, 'मुझे स्टार बनाने के लिए धन्यवाद।' वहां पर मौजूद लोगों को शाहरुख ने खास सलाह देते हुए कहा, 'जिंदगी में अगर कुछ बदलना है- पैसा, खुशी या



भावनाएं तो इसके लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। अपना बेस्ट दीजिए।' शाहरुख ने अपनी कामयाबी का राज बताते हुए कहा, 'मैं अल्लाह पर पूरा यकीन रखता हूं। मेरी सारी सफलता कड़ी मेहनत की वजह से है। पैसा कभी मकसद नहीं रहा।' शाहरुख जल्द ही फिल्म 'किंग' में नजर आएंगे। इसे सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं।

छावा-कांतारा को पछाड़ नंबर 1 पर सैयारा

# 2025 आईएमडीबी की लिस्ट में इन फिल्मों ने बनाई जगह...

**नई दिल्ली।** साल 2025 जाने को है। इस साल कई फिल्में रिलीज हुई हैं, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई की है। कई फिल्मों ने बॉक्स को फाड़कर रख दिया तो कई फिल्में ऐसी रहीं जो कब आई और कब चली गई पता ही नहीं चला। आईएमडीवी ने साल 2025 की टॉप 10 फिल्मों की लिस्ट जारी कर दी है।

**सैयारा** : इस लिस्ट में सबसे पहले नंबर पर सैयारा है। मोहित सूरी की ये फिल्म के साथ अहान पांडे और अनीत पड्डा ने डेब्यू किया। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई की।

**महावतार नरसिम्हा** : साल 2025 की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक महावतार नरसिम्हा है। आईएमडीबी की लिस्ट में ये दूसरे नंबर पर है। एनिमेटेड माइथोलॉजिकल फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**छावा** : विकी कौशल की फिल्म 'छावा' तीसरे नंबर पर है। इस मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाया।

**कांतारा: अ लेजेंड चैप्टर 1** : ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा तूफान मचाया कि कई बड़ी फिल्में इसके आगे फीकी नजर आईं। ये फिल्म आईएमडीबी की लिस्ट में चौथे नंबर पर है। इसे आप ओटीटी प्लेटफॉर्म **Prime Video** पर देख सकते हैं।



**कूली** : सुपरस्टार रजनीकांत की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'कूली' 400 करोड़ के बजट में बनी है। इस मूवी ने लिस्ट में पांचवें नंबर पर जगह बनाई है। ये फिल्म प्राइम वीडियो पर तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़ (फिलहाल हिंदी नहीं) में स्ट्रीम हो चुकी है।


**ड्रैगन** : अनुपमा परमेश्वरन और प्रदीप रंगनाथन स्टारर रिटर्न ऑफ द ड्रैगन फिल्म बड़े पर्दे पर धमाल मचा रही है. अश्वथ मारिमुथु के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म 21 फरवरी 2025 को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। लिस्ट ये मूवी छठे नंबर पर है।

**सितारे जमीन पर** : आमिर खान की सितारे जमीन पर एक शानदार फिल्म में है। निर्देशक आर एस प्रसन्ना की सितारे जमीन पर आईएमडीबी की लिस्ट में सातवें नंबर पर है।

## दादामुनि के नाम हुए मशहूर, हिंदी सिनेमा के कहे जाते हैं पहले सुपरस्टार

# अशोक कुमार के फैंस को हटाने के लिए किया जाता था लाठीचार्ज

*नई दिल्ली। दादामुनि के नाम मशहूर हुए अभिनेता अशोक कुमार हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार कहे जाते हैं। लेकिन स्टारडम की राह अचानक ही उनके लिए खुली। 13 अक्टूबर 1911 को भागलपुर (बंगाल प्रेसीडेंसी, ब्रिटिश इंडिया) में अशोक कुमार का जन्म हुआ। उनका असल नाम कुमुदलाल गांगुली था। गायक किशोर कुमार, अशोक कुमार के छोटे भाई थे। अशोक के पिता एक वकील थे। एक सामान्य परिवार में जन्मे अशोक का मायनागरी में आना कैसे हुआ? कैसे उन्हें स्टारडम मिला।*



### सामने से मिला हीरो बनने का ऑफर

बॉम्बे टॉकीज में लैबोरेटरी असिस्टेंट का काम करते हुए अचानक एक दिन अशोक कुमार को फिल्म में अभिनय करने का मौका मिला। बॉम्बे टॉकीज के मालिक हिमांशु राय ने फिल्म 'जीवन नैया' से एक्टर नजम-उल-हसन को किसी निजी कारण से हटा दिया। उनकी जगह अशोक कुमार को हीरो बनाने का फैसला लिया। इस फिल्म में अशोक कुमार की हीरोइन देविका रानी (हिमांशु राय की पत्नी) थीं। वैसे फिल्म के डायरेक्टर का मानना था कि अशोक कुमार का चेहरा हीरो वाला नहीं है। लेकिन, हिमांशु राय नहीं माने और इस तरह अशोक कुमार फिल्मों में हीरो बन गए। लेकिन, हीरो बनना निजी जीवन में उन्हें भारी पड़ गया। दरअसल, परिवार वाले इस बात से खुश नहीं थे, वह फिल्मों में अभिनय करने को सही नहीं मानते थे। इसी वजह से अशोक कुमार की तय हुई शादी भी टूट गई, लड़की वालों ने शादी करने से इंकार कर दिया। पिता भी चाहते थे कि अशोक कुमार एक्टिंग छोड़कर नौकरी करें, लेकिन बॉम्बे टॉकीज के मालिक हिमांशु राय ने उन्हें मना लिया।

### पिता चाहते थे वकील बने

पिता वकील थे तो अशोक कुमार को भी वकील ही बनाना चाहते थे। अशोक भी पिता के बताए हुए रास्ते पर चल पड़े थे। लेकिन वकालत करने के पहले ही साल में वह फेल हो गए। इस बात से अशोक डर गए। उन्हें लगा कि पिता ना जाने इस बात पर कैसे प्रतिक्रिया देंगे। ऐसे में वह अपनी बड़ी बहन सती देवी के मुंबई वाले घर रहने चले आए। अशोक कुमार के जीजा उन दिनों बॉम्बे टॉकीज में काम करते हैं। अशोक ने उनसे नौकरी लगवाने की गुजारिश, जीजा ने भी उन्हें बॉम्बे टॉकीज में लैबोरेटरी असिस्टेंट का काम दिलवा दिया। इस काम के अशोक कुमार को 75 रुपए मिलते थे, वह भी अपने काम से काफी खुश थे।

### ये बातें भी जानें

***जन्मदिन मनाना बंद कर दिया*** *: अशोक कुमार को अपनी जिंदगी में गहरा सदमा तक लगा, जब उनके जन्मदिन वाले दिन छोटे भाई किशोर कुमार का निधन हो गया। इसके बाद उन्होंने कभी अपना जन्मदिन नहीं मनाया।*

***न्यूड पेंटिंग बनाते थे*** *: अभिनय के अलावा अशोक कुमार अच्छी पेंटिंग्स भी बनाते थे। खासकर वह न्यूड पेंटिंग बनाते थे। उन्होंने लगभग 300 से अधिक पेंटिंग बनाई थीं। इसमें कुछ पेंटिंग उनकी पत्नी की भी थीं।*

***अभिनेता ही नहीं सिंगर भी थे*** *: अशोक कुमार ने अपने अभिनय से जहां दर्शकों का दिल जीता, वहीं अपनी सिंगिंग से भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। अशोक कुमार ने हिंदी फिल्मों में कई हिट गाने गाए थे।*

### बने एंटी-हीरो, फिल्म ने की छप्परफाड़ कमाई

कॅरियर की शुरुआत में अशोक कुमार ने पॉजिटिव, हीरो वाले रोल किए। वह स्टारडम की बुलंदियों को छूने लगे। फिर साल 1943 में उन्होंने फिल्म किस्मत में एंटी-हीरो का रोल किया। एक हीरो के लिए यह कदम उठाना बड़ी बात थी। फिल्म रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर 1 करोड़ रुपए कमाने वाले पहली हिंदी फिल्म बनी।

### दर्शकों के बीच था गजब का क्रेज

अशोक कुमार की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमा रही थीं। दर्शकों के बीच भी उनका गजब का क्रेज बन चुका था। उनका स्टारडम ऐसा था कि जब अशोक कुमार कहीं जाते थे तो हजारों की संख्या में फैंस जमा हो जाते थे। भीड़ इतनी हो जाती थी कि पुलिस को लाठीचार्ज तक करना पड़ता था। आज शायद ऐसा स्टारडम किसी एक्टर के पास हो।

## खबर संक्षेप

### छात्राओं के लिए अतिथि व्याख्यान का आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय कन्या उच्चतर मध्यमिक विद्यालय (शिक्षा विभाग) मनेन्द्रगढ़ में नवीन व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत रिटेल ट्रेड में अध्ययन कर रही 9 वीं से 12 वीं की छात्राओं के लिए अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मनेन्द्रगढ़ के शिक्षा कोचिंग सेंटर की संचालक और शिक्षिका मिस शिवानी गुप्ता को अतिथि व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने छात्राओं को रिटेल विषय से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण टॉपिक जिसमें रिटेलिंग के महत्व, स्टॉक का रख-रखाव, स्टॉक स्तर के प्रकार, ग्राहकों से तालमेल बनाकर उन्हें अधिक खरीदी के लिए मार्गदर्शन देना, स्टॉक नियंत्रण के तरीके और रिटेल स्टोर में दुर्घटनाओं और आपातकालीन स्थिति को पहचान करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिया गया। मिस शिवानी गुप्ता ने स्टॉक नियंत्रण के तरीके और आपातकालीन स्थिति की पहचान करने संबंधी विषयों को काफी गहराईयों एवं बारिकियों से छात्राओं को समझाया। गौरतलब है कि शाला में यह पाठ्यक्रम पिछले सात वर्षों से संचालित है। इसमें रिटेल ट्रेड के अंतर्गत कुलदीप कुमार नामदेव प्रशिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। छात्राएं व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से स्कूल लेवल से ही रोजगारून्मुख शिक्षा प्राप्त कर रही है एवं खुद को रोजगार के बेहतर अवसर के लिए तैयार कर रहीं हैं। संस्था की प्राचार्या श्रीमती अर्चना वैष्णव, व्याख्याता टी.विजय गोपाल राव, नारायण तिवारी एवं राम रक्षा द्विवेदी ने व्यावसायिक शिक्षा की सराहना की और इस अतिथि व्याख्यान को संपन्न करने में अपना अमूल्य योगदान दिया।

### वय वंदना : 7,680 लाभार्थियों का कार्ड निर्माण पूर्ण

**बैकुण्ठपुर।** जिले में वरिष्ठ नागरिकों को सुविधाएं और सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित वय वंदना कार्ड निर्माण अभियान में कोरिया जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना लक्ष्य 100 प्रतिशत पूरा कर लिया है। राज्य पोर्टल पर उपलब्ध नवीनतम ऑकड़ों के अनुसार जिले का आधार आधारित संशोधित लक्ष्य 7,680 कार्ड था, जिसके विरुद्ध 7,680 वय वंदना कार्डों का निर्माण कर पूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। पिछले 7 दिनों में 94 कार्ड बनाए गए, जो कुल प्रगति का 1.2 प्रतिशत है। प्रशासन, विभागीय अमले, ग्राम पंचायतों एवं फील्ड स्टाफ के समन्वित प्रयासों के कारण यह लक्ष्य समयपूर्व और सफलतापूर्वक पूरा हुआ है।

### स्कूलों की ऑनलाइन मान्यता नवीनीकरण के संबंध में बैठक

**अनूपपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय अनूपपुर में शनिवार को अशासकीय हाईस्कूल/हायर सेकेंडरी स्कूलों की सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन मान्यता नवीनीकरण के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में अशासकीय विद्यालयों द्वारा जिनकी मान्यता 31 मार्च 2026 को समाप्त हो रही है, उनके द्वारा नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल में आवेदन करने के संबंध में जानकारी एवं निर्देश दिये गए।

### मेयर व जिपं अध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी

# दुर्गम व बस विहीन मार्गों पर आवागमन के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को वर्चुअल माध्यम से जिले के दुर्गम एवं बस-विहीन मार्गों में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का शुभारंभ किया। प्रतीक्षा बस स्टैंड में आयोजित कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह एवं निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महापौर श्रीमती भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का सीधा लाभ ग्रामीण जनता को मिलेगा। जहां कभी आवागमन का कोई साधन उपलब्ध नहीं था, वहां अब बस की नियमित पहुंच से लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती मंजूषा भगत के आग्रह पर बस संचालकों ने एक महत्वपूर्ण जनहित निर्णय लेते हुए कहा कि दिव्यांगजन एवं गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी। बुधवार को दो रूटों पर बस सेवा शुरू की गई जिसमें बगीचा से सीतापुर व्हाया-जुजगु, महादेवडांड, गिरहुलडीह, भारतपुर, ललितपुर, सीतापुर दूरी-65 कि.मी., महादेवडांड से सीतापुर व्हाया-महादेवडांड, गुड़लु, छिरोपारा, बेनई, गिरहुलडीह, मरकट, भारतपुर, नौनियाटांगर, ललितपुर, गुलगुमा, रजौटी, सीतापुर दूरी-33 कि.मी. बस सेवा से स्कूली बच्चों, मरीजों और ग्रामीणों की आवागमन सुगम होगी। इसके साथ ही बादा से अंबिकापुर व्हाया-बादा, बरियों, चार पारा, ककना, सिधमा, अखोरा, अखोराखुर्द, रूखपुर, चिखलाडीह, नर्मदापुर, सरगवां, अंबिकापुर दूरी 32 किमी. बस सेवा से ग्रामीणों की आवागमन सुगम होगी। इस दौरान एमआईसी सदस्य श्रीमती प्रियंका गुप्ता, श्रीमती श्वेता गुप्ता, कलेक्टर, एसएसपी राजेश अग्रवाल, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री विनय सोनी सहित विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।



हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना करती महापौर व जिपं अध्यक्ष।

### ग्राम कुसमुसी से सीएम ग्रामीण बस सेवा के द्वितीय चरण का किया गया शुभारंभ

**भैयाथान।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की वर्चुअल उपस्थिति में कलेक्टर एस जयवर्धन ने भैयाथान विकासखंड के ग्राम कुसमुसी से मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में चार नए मार्गों के लिए चार बसों को कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से संवाद करते हुए बताया कि अब दूरस्थ इलाकों से ब्लॉक मुख्यालयों तक पहुंचना पहले की तुलना में बेहद आसान हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरगुजा के जिन इलाकों में कभी बस नहीं चलती थी, वहां अब सुरक्षित और सुलभ परिवहन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 4 अक्टूबर को प्रथम चरण में 34 मार्गों पर 33 बसें चलाकर 250 गांवों को जोड़ा गया था तथा बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी सेवा प्रारंभ की जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि प्रथम चरण में तीन रूटों पर सेवा शुरू की जा चुकी थी, जबकि द्वितीय




चरण में चार नए मार्गों को जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि इस बस सेवा से विद्यार्थियों, किसानों, मरीजों और लोगों को शहरों से जुड़ने में बड़ी राहत मिलेगी। द्वितीय चरण में भैयाथान ब्लॉक में भैयाथान–डुमरिया, केवरा, कुसमुसी, बंजा, शिवप्रसादनगर, भंवराही, बासापारा, डबरीपारा में बस सेवा शुरू होने पर ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल, बाजार, अस्पताल और जिला मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालय सहित दैनिक जरूरतों के लिए अब आवागमन पहले से कहीं अधिक आसान हो गया है।

### दो नए रूटों पर की गई ग्रामीण बस योजना की शुरुआत



**राजपुर।** मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के अंतर्गत बुधवार को द्वितीय चरण की बस सेवा का शुभारंभ ग्राम नवकी स्थित पंचायत भवन के सामने मुख्य मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। द्वितीय चरण के तहत बलरामपुर जिले से दो नए रूटों पर बस सेवाओं की शुरुआत की जा रही है। नई बस प्रतिदिन दो राउंड संचालित करेगी। प्रमुख रूट प्रतापपुर से पटना निर्धारित किया गया है जो मकनपुर, गोपालपुर, राजपुर, शंकरगढ़, चलगली, महुवाडीह, डीपाडीह होते हुए पुनः पटना तक संचालित होगा। इन मार्गों पर यात्रा करने वाले ग्रामीणों को अब अधिक सुगम, सुरक्षित और किफायती परिवहन सुविधा मिल सकेगी। लंबे समय से बेहतर आवागमन की मांग कर रहे ग्रामीणों ने इसे राहत भरा निर्णय बताया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष विनय भगत उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिपं सीईओ नयन तारा सिंह तोमर ने की।

# 89 हजार 466 श्रमिकों का किया ई-केवाईसी



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कोरिया जिले में कुल 89 हजार 466 श्रमिक अकुशल रोजगार के लिए योजना के अंतर्गत पंजीकृत हैं। इनके ई-केवाईसी का कार्य तेजी से सभी ग्राम पंचायतों में पूरा किया जा रहा है। पूरे जिले में अब तक 70 प्रतिशत श्रमिकों का आनलाइन पंजीयन कार्य पूरा हो चुका है। यह कार्य इस महीने पूरा किया जाना है। महात्मा गांधी नरेगा के तहत पंजीकृत जाब कार्ड धारी परिवार के श्रमिक सदस्यों का आनलाइन आधार पंजीयन कार्य उनके बैंक खातों के डिटेल के साथ लिंक हो रहा है।

कोरिया जिले में पंजीकृत श्रमिकों की बात करें तो मनरेगा योजनांतर्गत 89 हजार 466 श्रमिक पंजीकृत हैं। इन सभी के ईकेवाईसी की प्रक्रिया तेजी से पूर्ण कराई जा रही है। अब तक जिले में 63 हजार से अधिक श्रमिकों का ईकेवाईसी कार्य रोजगार सहायकों के माध्यम से पूर्ण कर लिया गया है। यह कुल पंजीकृत संख्या का 70 प्रतिशत से अधिक है। मनरेगा के अंतर्गत ईकेवाईसी के महत्वपूर्ण कार्य में ग्राम रोजगार सहायकों की बड़ी महती भूमिका है। इस कड़ी में तेजी से कार्य करते हुए सोनहत जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पोड़ी में यह कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। यहां कुल 883 पंजीकृत श्रमिकों के आधार कार्ड योजनांतर्गत दर्ज हैं इनमें से शत-प्रतिशत का ईकेवाईसी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में मनरेगा के शत-प्रतिशत श्रमिकों के ईकेवाईसी का कार्य तेजी से पूर्ण किया जा रहा है।

■ सोनहत जनपद की ग्राम पंचायत पोंड़ी ने पूरा किया लक्ष्य

# भूगोल विभागीय परिषद् का शपथ समारोह



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भूगोल विभाग द्वारा विभागीय परिषद् का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। समारोह में प्राचार्य डॉ.एमसी हिमधर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों एवं प्राध्यापकों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से रीना राजवाड़े को अध्यक्ष, सुकाल सिंह को उपाध्यक्ष, ममता राजवाड़े को सचिव तथा कमला सिंह को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई। उन्हें विभाग में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ महाविद्यालय की विभिन्न अतिरिक्त गतिविधियों के उन्नयन के लिए दायित्वों का निर्वहन करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आशुतोष देऊस्कर, डॉ. विनय शुक्ला, डॉ. बृजेश पांडेय, प्रो. भूपेन्द्र सिंह, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. कुलदीप ओझा, डॉ. संध्या सहित अन्य प्राध्यापक सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बलिदान दिवस पर बांटे गए गर्म कपड़े

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

प्रदेश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह को उनके बलिदान दिवस पर याद करते हुए सर्व आदिवासी समाज कोरिया ने 10 दिसंबर को ग्राम चिरमी में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर समाज के सदस्य, ग्रामवासियों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं ने वीर नारायण सिंह की शहादत को नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष विजय सिंह, समस्त पदाधिकारियों एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्ष विजय सिंह ने शहीद वीर नारायण सिंह के जीवन संघर्ष और छग के लिए दिए गए अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कलावती मरकाम, ए. पन्ना सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि वीर



नारायण सिंह ने अन्याय और शोषण के विरूद्ध आवाज उठाई और अपनी मातृभूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत रहेगा। वक्ताओ ने छग की संस्कृति अस्मिता और यहां के मूल निवासियों के

हकों की रक्षा के लिए शहीद वीर नारायण सिंह के दिखाए मार्ग का अनुसरण करने पर बल दिया। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज कोरिया ने शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला चिरमी के 180 छात्र-छात्राओं को स्वेटर का वितरण किया तथा विद्यालय में आयोजित नेवता भोज में समाज के पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय, सहायक संचालक जितेन्द्र कुमार गुप्ता, सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष विजय सिंह, संरक्षक ए. पन्ना, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कलावती मरकाम जिला पंचायत सदस्य सुषमा कोर्राम, डॉ.आरएस चांदे, रविन्द्र सिंह, विश्वास भगत, प्रवक्ता सुरेश एक्का, विद्यालय के प्राचार्य पीके वैष्णव, संकुल शैक्षिक समन्वयक जय प्रताप, जितेन्द्र पैकरा, प्रेम सुंदर सिंह, सरपंच ग्राम पंचायत चिरमी विवेक कुमार, सोनमनी, पृथ्वी पाल, महानदियां , प्रधान पाठक ललिता एक्का, रविन्द्र सुनीता सिंह,गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पनिका समाज ने पदयात्रा कर राष्ट्रपति के नाम सौपा ज्ञापन



**डोमनहिल।** पनिका समाज को पुनः आदिवासी दर्जा दिलाने की मांग को लेकर युवा पनिका समाज चिरमिरी द्वारा 8 दिसंबर को काला दिवस पर पदयात्रा एवं ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज के युवा संगठन के नेतृत्व में निकाली गई यह पदयात्रा अधिकारों की आवाज बुलंद करने के साथ समाज को एकजुट करने का सशक्त संदेश बनी।

युवा पनिका समाज चिरमिरी के अध्यक्ष शंकर प्रसाद राउर के नेतृत्व में हल्दीबाड़ी कालीबाड़ी से प्रारंभ हुई। पदयात्रा बड़ाबाजार मार्ग से होती हुई एसडीएम कार्यालय चिरमिरी पहुंची, जहां महामहिम राष्टपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। पदयात्रा में समाज के वरिष्ठजन, युवा, महिलाएं एवं बच्चे काफी संख्या में शामिल हुए। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि 8 दिसंबर 1971 को तत्कालीन सरकार ने पनिका समाज को आदिवासी वर्ग से हटाकर अन्य पिछड़ा वर्ग में सम्मिलित कर दिया था, जिसे समाज आज भी ऐतिहासिक अन्याय मानता है। इसी विरोध और पीड़ा को व्यक्त करने के लिए प्रतिवर्ष 8 दिसंबर को काला दिवस मनाया जाता है। यह आंदोलन केवल चिरमिरी तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में एक साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिले में मनेन्द्रगढ़ कलेक्ट्रेट तथा चिरमिरी एसडीएम कार्यालय में समानांतर ज्ञापन सौंपे गए। समाज के अध्यक्ष शंकर प्रसाद राउर ने कहा कि समाज अब निर्णायक संघर्ष के दौर में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि 14 दिसंबर से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में सरकार आदिवासी दर्जे पर कोई ठोस कदम नहीं उठाती, तो युवा पनिका समाज आगामी 30 दिनों के भीतर उग्र आंदोलन की रणनीति बनाएगा।

# आदिवासी ग्रामों में आयुष्मान एवं वय वंदना कार्ड पूर्ण

**बैकुण्ठपुर।** स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में संचालित धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत चिन्हित आदिवासी ग्रामों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। इन दोनों अभियानों के तहत जिले के 154 आदिवासी ग्रामों का चयन किया गया है।

बैकुंठपुर, बचरापोड़ी तथा सोनहत विकासखंड के अंतर्गत आने वाले अधिकांश जनजाति बाहुल्य गांवों में शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड तथा वय वंदना कार्ड का निर्माण पूरा कर लिया गया है। बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम शिवपुर, चेरवापारा, रनई, अमहर, जुनापारा, कंचनपुर, आंजोखुर्द, परचा, तरगंवा, विशुनपुर, कोचिला, पतरापाली, जामपारा, सत्तीपारा, छिंदिया, नरसिंहपुर, रामपुर, बुड़ार, खैरी, सरभोका, नगर, झरनापारा, सोरगा, सुरमी, सरईगहना, पिपरहिया, बसदेवपुर, मनसुख, रोबो, कोटकताल, रघुबीरपुर, टेंगनी, हथबर, मदनपुर, नांदभान, पीपरडाड, बिलारो, भंडारपारा, चोपन, चारपारा, जयपुर, तिलवनडांड। विकासखंड बचरापोड़ी के ग्राम बारी, जिल्दा, छुरी, पंडिता, बंजारीडांड, लोटाबहरा, तामडांड, गढ़तर, करवां, गोविंदपुर, सोंस। विकासखंड सोनहत के ग्राम भैंसवार, बेलिया, बदरा, कुशमहा, रजौली, सुंदरपुर, किशोरी, आनंदपुर। इन सभी ग्रामों में पात्र सभी परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। वहीं बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम चेरवापारा, अमहर, कंचनपुर, तरगवां, छिंदिया, रामपुर, सरईगहना, बसदेवपुर, कोटकताल, रघुबीरपुर, टेंगनी, मदनपुर, चारपारा, जयपुर, जामपारा, मानपुर, दुधनिया खुर्द, पसला, शंकरपुर, जलियाडांड़, धरमपुर, दुधनिया कलां, खोडरी, रकया, चिरगुड़ा, आनि, पटना, करहियाखांड, बरदिया, माटीझरिया, बकिरा, करीलधोवा, टेमरी। विकासखंड बचरापोड़ी के ग्राम टेमरी, जिलीबांध, गणेशपुर, गोविंदपुर, गेजी, पटमा, बड़ेसाल्ही, बंजारीडांड, लोटाबहरा, सोंस। विकासखंड सोनहत के ग्राम बेलिया, बदरा, कुशमहा, सुंदरपुर, सुंदरपुर। इन ग्रामों में वय वंदना कार्ड 100 प्रतिशत तैयार हो चुके हैं।

# एमसीबी के 25 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी

**मनेन्द्रगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान खरीदी और 3100 रूपए प्रति क्विंटल के रिकॉर्ड समर्थन मूल्य ने जिले के कृषि क्षेत्र को नई गति दी है। जिले के सभी 25 उपार्जन केन्द्रों में 10 दिसंबर को खरीदी में तेजी दर्ज की गई। किसानों की सक्रिय भागीदारी और समितियों की सतर्क व्यवस्था ने खरीदी प्रक्रिया को सुगम और पारदर्शी बनाया। आज कुल 326 टोकन के माध्यम से 1514.30 क्विंटल धान की खरीदी हुई। केल्हारी उपार्जन केन्द्र ने 24 टोकन से 107.44 क्विंटल धान खरीदी कर जिले में सर्वाधिक खरीदी का स्थान हासिल किया। इसके बाद कोड़ा केन्द्र में 17 टोकन से 94.90 क्विंटल और माड़ीसरई में 21 टोकन से 91.26 क्विंटल धान खरीदी दर्ज की गई। जनकपुर में 20 टोकन से 90.84 क्विंटल, कुंवारपुर में 18 टोकन से 85.40 क्विंटल, सिंगरौली में 12 टोकन से 80.94 क्विंटल, खड़गवां में 20 टोकन से 79.38 क्विंटल और डोड़की में 19 टोकन से 77.96 क्विंटल धान खरीदी कर किसानों ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।



## पृष्ठ 1 का शेष

### प्रतियोगिता मनुष्य को...

सफलता मिलती है। उन्होंने सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले डीएवी तथा केवी के बच्चों को 30-30 हजार रूपए देने की घोषणा भी की। इस प्रतियोगिता में कोरबा, दीपका, कुसमुंडा, गेवरा, जमुना-कोतमा, सुहागपुर, बैकुंठपुर, भटगांव, विश्रामपुर, हसदेव, चिरमिरी, रायगढ़ सहित 16 क्षेत्रों की टीमें शामिल रहीं। सभी मैचों का आंखों देखा हाल सुशांत घोष एवं समीर देवनाथ ने दर्शकों तक पहुंचाया। निर्णायक मंडल में वरिष्ठ रेफरी अनिल कचेर, चन्ना राव, रणधीर ठाकुर, पप्पू कुमार, विजय विश्वकर्मा, सुनील कुमार, निकिता थापा, नागेश्वर राव, चंद्रशेखर पोलई, नागेश राव एवं संदीप पटेल शामिल रहे। मैच का रोमांच देखने काफी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी, खेलप्रेमी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। टीमवर्क से बैकुंठपुर को मिली जीत- साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल के चिरमिरी क्षेत्र में आयोजित इंटर एरिया फुटबॉल टूर्नामेंट 2025-26 का समापन हो गया। पूरे सप्ताह चले रोमांचक मुकाबलों के बीच कई उतार-चढ़ाव, शानदार गोल, तगड़े डिफेंस और जबरदस्त टीमवर्क के दम पर बैकुंठपुर क्षेत्र की फुटबॉल टीम ने शानदार अंदाज में चैंपियनशिप ट्रॉफी जीतकर नया इतिहास रच दिया। खिलाड़ियों का जोश, दर्शकों का उत्साह और मैदान पर खिलाड़ियों के जुनून ने टूर्नामेंट को यादगार बना दिया। चैंपियन टीम जब बड़ी ट्रॉफी के साथ मंच पर पहुंची तो तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा मैदान गूंज उठा। फाइनल मुकाबला खेल प्रेमियों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं था। दोनों टीमों ने शानदार आक्रमण और मजबूत बचाव के साथ खेल का स्तर ऊपर उठाते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। बैकुंठपुर की टीम ने पूरे मैच में रणनीतिक फुटबॉल खेला तेज पासिंग, सटीक मूवमेंट और मजबूत खेल-योजना ने विरोधी टीम को दबाव में रखा। मैदान पर खिलाड़ियों का तालमेल देखते ही बन रहा था। टीम की सफलता के केन्द्र में रहे तीन अहम स्तंभ कोच विकास शंकर ओझा, टीम मैनेजर गौरव दुबे, कप्तान अब्दुल्ला रोशन रहे। कोच विकास शंकर ओझा ने लगातार प्रैक्टिस, फिटनेस ट्रेनिंग और खिलाड़ियों की मानसिक तैयारी पर खास ध्यान दिया। मैनेजर गौरव दुबे ने टीम को टूर्नामेंट के दौरान हर स्तर पर सहयोग दिया। कप्तान अब्दुल्ला रोशन मैदान पर टीम के मुख्य स्तंभ साबित हुए।

### धारदार हथियार से ...

ही पुलिस में हड़कंप मच गया। थाना कोतवाली तत्काल हरकत में आई और मौके पर पहुंची। एसडीओपी सुमित केरकेट्टा भी घटना स्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। वहीं पुलिस भी मौके पर पूछताछ कर रही है। पुलिस शव को लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। और अज्ञात हमलावरों की खोजबीन शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही हत्या के पीछे कारणों को उजागर करेंगे और दोषियों को पकड़ेंगे। किंतु इस घटना ने क्षेत्र में दहशत का माहौल अवश्य पैदा कर दिया है।

### संरक्षण इकाई की...

सह परिवीक्षा अधिकारी पंकज वर्मा एवं सामाजिक कार्यकर्ता संजीव कुमार साहू है। निरीक्षण दल द्वारा प्रत्येक तीन माह में जेलों का निरीक्षण इस उद्देश्य से किया जाएगा कि जेल में ऐसे बंदी तो नहीं है, जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम की हो जो कि त्रुटिपूर्ण तरीके से जेलो में निरूद्ध हो गए हो साथ ही बंदियों के बच्चों का सही देखरेख व संरक्षण हो सके।

### पंचायत में विकास...

बैठक के दौरान बैकुंठपुर जनपद की ग्राम पंचायत डोहड़ा का युक्तधारा पोर्टल पर तैयार किया गया। मनरेगा का ग्राम पंचायत प्लान प्रस्तुतीकरण किया गया। सीईओ जिला पंचायत ने सभी तकनीकी सहायको को इसी तरह तकनीक के उपयोग से कार्यों के चिन्हांकन के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने बैठक में ग्राम पंचायत वार राज्य विकास प्राधिकरण, पिछड़ा क्षेत्र विकास प्राधिकरण आदि विकास योजनाओं के स्वीकृत और अपूर्ण कार्यों की समीक्षा कर लंबित कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान अपेक्षित कार्य नहीं करने वाले कर्तव्य के प्रति लापरवाह चार ग्राम पंचायत सचिवों के वेतन रोकने के निर्देश दिए।

# धान खरीदी केन्द्र कुड़ेली-सरभोका में शिविर



**बैकुण्ठपुर।** संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार तथा जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में सरपंच सरभोका की उपस्थिति में धान खरीदी केन्द्र कुड़ेली-सरभोका परिसर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर सरभोका द्वारा स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) एवं उच्च रक्तचाप की जांच की गई। उपस्थित हितग्राहियों को आयुष क्वाथ का वितरण किया गया तथा योग एवं प्राणायाम के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया तथा हेमंत ऋतु में स्वास्थ्य-सुरक्षा के उपाय बताए गए। इस आयोजन में धान खरीदी केन्द्र प्रभारी एवं कर्मचारियों के साथ डॉ. मिथिलेश विश्वकर्मा, शिव साहू, कमलेश जायसवाल, अतर साय का सक्रिय सहयोग रहा।

